प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

29.12.2025

9:20बजे

''आज के मुख्य समाचार''

- प्रधानमंत्री ने मुख्य सचिवों के सम्मेलन में राज्यों से विनिर्माण और व्यापर सुगमता को बढ़ावा देने का किया आग्रह।
- आईजीएमसी शिमला में रेजिडेंट डॉक्टरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल समाप्त–आज से सुचारू रूप से चलेंगी स्वास्थ्य सेवाएं।
- प्रदेश मंत्रिमंडल के सदस्य आज शिमला में मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में करेंगे अनशन।
- नव वर्ष से पूर्व प्रदेश के पर्यटक स्थल स्थल सैलानियों से गुलजार–बर्फबारी का इंतजार।

मुख्य सचिव सम्मेलन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यों से विनिर्माण और व्यापार सुगमता को बढ़ावा देने तथा भारत को वैश्विक सेवा केन्द्र बनाने का आग्रह किया है। नई दिल्ली में मुख्य सचिवों के पांचवें राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि भारत जल्द ही राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन का शुभारंभ करेगा। उन्होंने प्रत्येक राज्य से इसे शीर्ष प्राथमिकता देकर वैश्विक कंपनियों को आकृष्ट करने के लिए बुनियादी ढ़ांचा सृजित करने का आग्रह किया। विकसित भारत के लिए मानव संसाधन विषय पर तीन दिन का यह सम्मेलन इस महीने की 26 तारीख को शुरू हुआ था। भारत की जनसांख्यिकी उपलब्धि का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की लगभग 70: आबादी कार्यशील वर्ग में है, जिससे आर्थिक प्रगति के लिए विशिष्ट अवसर उपलब्ध है। इससे विकसित भारत की ओर देश की यात्रा को गति मिलेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अब युवा आबादी की क्षमता से सुधार एक्सप्रेस पर सवार है और इस जनसांख्यिकी उपलब्धि को और सशक्त बनाना सरकार प्राथमिकता है। विकसित भारत को गुणवत्ता और उत्कृष्टता का पर्याय बताते हुए श्री मोदी ने सभी हितधारकों से औसत परिणामों से आगे निकलने का आग्रह किया। सुशासन, सेवा और विनिर्माण की गुणवत्ता पर बल देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि मेड इन इंडिया लेबल को उत्कृष्टता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा का प्रतीक बनाना होगा। प्रधानमंत्री ने कहा पर्यटन क्षेत्र युवाओं के लिए आजीविका सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। तीन दिन के सम्मेलन में समायोजी, समावेशी और भविष्य अनुकूल कार्यबल तैयार करने के लिए बाल

शिक्षा, उच्च शिक्षा, कौशल विकास, खेल कूद और अन्य गतिविधियों पर व्यापक विचार–विमर्श किया गया।

हड़ताल समाप्त

आईजीएमसी शिमला के रेजिडेंट डॉक्टरों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल समाप्त कर दी है। इससे प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों, जिला व क्षेत्रीय अस्पतालों, सीएचसी और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में कार्यरत डॉक्टर आज से ओपीडी सेवाओं पर लौट आएंगे। हिमाचल प्रदेश में रेजिडेंट डॉक्टरों की हड़ताल खत्म हो गई है। आज अस्पतालों में डॉक्टर तीन दिन बाद ड्यूटी पर लौटेंगे। इससे मरीजों को उपचार मिल सकेगा। रूटीन जांच, टेस्ट और ऑपरेशन भी हो सकेंगे। बीते तीन दिनों के दौरान इमरजेंसी के अलावा सारे ऑपरेशन टाल दिए गए थे। दिल्ली से लौटने के बाद कल देर सांय मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के आह्वान पर हड़ताल समाप्त की गई है। कल देर सायं हुई बैठक के बाद आरडीए के अध्यक्ष डॉ. सोहेल शर्मा ने इसकी आधिकारिक घोषणा की।

*सीएम से हमे ऐशारेंस मिली है उन्होंने हमे कहा है किकि डा राघव के लिए एक कमेटी बैठाई जाएगी जिसमें उन्हें पूरा जस्टिस दिया जाएगाताकि उनकी टर्मिनेशन को रिमूव किया जाए और रि इंस्टेट किया जाए कल ओपीडी मेंरेजीडेंस रहेंगी जो नाराजगी चल रही है वह सीएम से बैठकर और हमे उन्होंने जैसाहमे आश्वासन दिया है उनके साथ बैठकर वार्तालाप करेंगे हमे पूरा भरोसा है कि सीएमसाहब हमारी मांगों पर अमल करेंगे। गौरतलब है कि मरीज से मारपीट मामले में सीनियर रेजिडेंट डॉ.राघव निरूला की सेवा बर्खास्त करने के विरोध में 27 दिसंबर से हड़ताल पर चले गए थे।*

<u>अनशन</u>

केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा के नाम में बदलाव और इसे कमजोर करने के विरोध में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार आज रिज मैदान पर स्थित महात्मा गाँधी की प्रतिमा के समक्ष अनशन पर बैठेगी। इस अनशन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार सहित मंत्रिमंडल के सदस्य, विधायक, कांग्रेस नेता, कार्यकर्ता और बोर्ड निगमों के अध्यक्ष उपाध्यक्ष भी मौजूद रहेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि महात्मा गाँधी के नाम हटाने को कांग्रेस किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं करेगी।

राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने कहा है कि मनाली को लाहौल से जोड़ने वाली दुनिया की सबसे लम्बी राजमार्ग सुरंग अटल टनल रोहतांग ने लाहौल घाटी में पर्यटन की तस्वीर ही बदल दी है। उन्होंने ''मोदी युग में आर्थिक सशक्तिकरण'' नामक अपनी पुस्तक में भी इसका उल्लेख किया है। सिकंदर कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में ये सुरंग बनकर तैयार हुई है और इससे लाहौल घाटीकी सामाजिक स्थिति में क्रांतिकारी बदलाव आया है। इस सुरंग को हर महीने औसतन एक लाख पर्यटक पार करते हैं।

सहकारी कॉन्क्लेव

नाबार्ड हिमाचल प्रदेश क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा आज सहकारी सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन का उद्देश्य सहकारी संस्थाओं के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना तथा सहकारिता के माध्यम से समावेशी विकास को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। सम्मेलन में सहकारी क्षेत्र सेजुड़े अधिकारी, विशेषज्ञ, प्रतिनिधि व हितधारक भाग लेंगे और सहकारिता सेसंबंधित विभिन्न विषयों पर विचार–विमर्श किया जाएगा।

<u>पर्यटक</u>

नववर्ष का जश्न मनाने के लिए राज्य के पर्यटक स्थल सैलानियों से गुलजार हो गए हैं। पर्यटन कारोबारियों के अनुसार राज्य में 80 फीसदी तक होटलों की कमरों की बुकिंग हो चुकी है। होटलों के अलावा होम स्टे और गेस्ट हाउस में भी सैलानी बुकिंग कर रहे हैं। शिमला सहित मनाली, डलहौजी, किन्नौर और लाहौल–स्पीति में कमरों की बुकिंग हो रही है। शिमला और मनाली के लिए दिल्ली से चलने वाली टूरिस्ट वोल्वों की संख्या भी दोगुनी हो गई है। शिमला शहर के मालरोड और रिज मैदान पर इन दिनों पर्यटकों की खासी भीड़ उमड़ रही है।

पर्यटकों की भारी आमद और नए साल और विंटर कार्निवल को देखते हुए शिमला शहर में कानून और ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त रखने के मकसद से पुलिस ने विशेष इंतजाम किए हैं।

*शिमला शहर के मालरोड और रिज मैदान पर इन दिनों पर्यटकों की खासी भीड़ उमड़ रही है। दिल्लीए महाराष्ट्रए कर्नाटकए गुजरातए चंडीगढ़ए पंजाब और हरियाणा सहित विदेशों से बड़ी संख्या में पर्यटक शिमला पहुंच रहे हैं। हालांकि प्रदेश में बारिश व बर्फबारी न होने से सूखे जैसे हालात हैं लेकिन पर्यटक प्रदेश के साफ व स्वच्छ वातावरण को खूब पसंद कर रहे हैं। पर्यटकों की तादाद बढ़ने से पर्यटन कारोबार भी पटरी पर लौटा है और कारोबार से जुड़े लोग काफी खुश हैं। पर्यटकों की भारी आमद और नए सालए विंटर कार्निवल को देखते हुए शिमला शहर में कानून और ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त रखने के मकसद से पुलिस ने विशेष इंतजाम किए हैं। होटल कारोबारियों ने भी सैलानियों को आकर्षित करने के लिए विशेष तरह के डिस्काउंट ऑफर निकाले हैं। नए साल तक सैलानियों की संख्या में और ज्यादा बढ़ोतरी होने की उम्मीद है।*

उधर कुल्लू जिला में भी सैलानियों की भारी भीड़ देखी जा रही है। मनाली माल रोड पर सैलानियों के मनोरंजन के लिए डीजे की व्यवस्था की गई है।

*कुल्लू मनाली में इन दोनों पर्यटकों की खूब चहल.पहल है नव वर्ष मनाने के लिए हजारों की संख्या में सैलानी यहां पहुंच रहे हैं जिला के सभी पाठक फलों पर सैलानियों की भारी भीड़ देखी जा सकती है वहीं जिला प्रशासन द्वारा भी सेनानियों के मनोरंजन के लिए मनाली माल रोड में डीजे इत्यादि की व्यवस्था की गई है जहां रोज शाम को चलाने छिड़क रहे हैं वहीं रोहतक पास भी अभी तक खुला हुआ है तथा प्रोडक्ट फोर बाई फोर वाहनों में वहां जाकर बर्फ का दीदार कर रहे हैं*

<u>मौसम</u>

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज दिन की शुरूआत खिली धूप के साथ हुई है। पिछले कई दिनों से बारिश न होने से शुष्क ठण्ड बढ़ती जा रही है। राज्य के मैदानी इलाकों में

सुबह–शाम लोगों को धुंध का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने अगले तीन–चार दिन मैदानी व निचले क्षेत्रों में धुंध को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा 30 दिसम्बर से ऊपरी क्षेत्रों में कहीं–कहीं बर्फबारी जबकि अन्य भागों में हल्की वर्षा की संभावना है।

आज समाचार पत्रों ने डॉक्टरों की हड़ताल खत्म होने की खबर को प्रमुखता दी है। अमर उजाला के शब्द हैं सीएम के संदेश के बाद डॉक्टरों ने खत्म की हड़ताल, अस्पतालों में आज से चलेगी ओपीडी। दैनिक जागरण और हिमाचल दस्तक का लगभग एक जैसा शीर्षक है सीएम सुक्खू के आश्वासन के बाद रेजिडेंट डॉक्टरों ने खत्म की हड़ताल। पंजाब केसरी ने लिखा है रैजीडेंट डॉक्टरों ने वापस ली हड़ताल, आज से सुचारू चलेंगी स्वास्थ्य सेवाएं।

मौसम की खबर को दैनिक भास्कर ने शीर्षक दिया है कल से शिमला समेत 6 जिलों में 4 दिन बर्फबारी व बारिश के आसार। हिमाचल दस्तक के शब्द हैं हिमाचल में 4 दिन बारिश–बर्फबारी की संभावना, कोहरे का यलो अलर्ट।

पंजाब केसरी के अनुसार हिमाचल में अब खुली सिगरेट और बीड़ी की बिक्री पूर्णतया प्रतिबंधित।

बिलिंग में पैराग्लाइडिंग हादसे में पायलट की मौत, पर्यटक घायल आपका फैसला की एक खबर है।

हिमाचल दस्तक ने लिखा है 5 आई ए एस बनेंगे सचिव, जनवरी माह में मिलेगा प्रमोशन का तोहफा।

"अंत में मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री ने मुख्य सचिवों के सम्मेलन में राज्यों से विनिर्माण और व्यापार सुगमता को बढ़ावा देने का किया आग्रह।
- आईजीएमसी शिमला में रेजिडेंट डॉक्टरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल समाप्त–आज से सुचारू रूप से चलेंगी स्वास्थ्य सेवाएं।
- प्रदेश मंत्रिमंडल के सदस्य आज शिमला में मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में करेंगे अनशन।
- और
- नव वर्ष से पूर्व प्रदेश के पर्यटक स्थल स्थल सैलानियों से गुलजार–बर्फबारी का इंतजार।